हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 29 अप्रैल 2026

06 अपर आयुक्त ने नगरीय निकायों की समीक्षा की...



07 यज्ञ में बैठा था परिवार, घर-गृहस्थी आग में जलकर हो गई खाक






## नगर के इंवेंट

### कुत्तों के हमले से घायल 'रेजरा' को ग्रामीणों ने बचाया, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**बजरंगगढ़।** क्षेत्र में सुबह करीब 6 बजे एक 'रेजरा' (जंगली जानवर) घबराई हुई हालत में दिखाई दिया। उसके पीछे कुत्ते पड़े हुए थे, जिन्होंने उसे घायल कर दिया था। स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों ने तुरंत पहल कर उसे कुत्तों से बचाया और पास स्थित जैन मंदिर के समीप शिव मंदिर में सुरक्षित शरण दी। इसके बाद वन विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल रेजरा को अपने साथ ले गई। बताया जा रहा है कि उसे उपचार के लिए ले जाया गया है। ग्रामीणों की सतर्कता से एक जंगली जीव की जान बच गई।



### स्काउट गाइड एवं जूनियर यूथ रेडक्रॉस ने प्रारंभ की रेलवे स्टेशन पर जल सेवा



**गुना।** भारत स्काउट गाइड,जूनियर यूथ रेडक्रॉस शाखा गुना के वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार पदेन अध्यक्ष किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन एवं जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल एवं जिला सचिव प्रताप नारायण मिश्रा के नेतृत्व में ग्रीष्म कालीन जल सेवा शिविर का शुभारंभ समाज सेवा बग्गा, प्रदीप, नीतेश जैन, सुरेन्द्र शर्मा, प्रमोद भार्गव, अम्बरीष कुस्तवार, रवि पलिया, प्रवीण कश्यप, प्रियंका धाकड़, कुशाग्र ब्रह्मभट्ट अमित उपाध्याय, लक्ष्मी नारायण साहू,सुनील कुमार रघुवंशी, कविता शिवहरे की उपस्थिति में हुआ। जिला काउन्सलर जितेन्द्र ब्रह्मभट्ट ने बताया कि भीषण गर्मी और अन्य राज्यों से आने वाली ट्रेनों के जरनल डिब्बों को शीतल जल की सेवा हर वर्ष की भांति जल सेवा शिविर रेल्वे स्टेशन पर भारत स्काउट गाइड और जूनियर यूथ रेडक्रॉस शाखा के द्वारा आयोजित की जाती है जिसमें जिले विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में संचालित दलों के स्काउट गाइड, युवा एवं सामाजिक संगठनों के सेवाभावी समाज एवं भी अपना योगदान देते है।समय समय पर रेल्वे स्टेशन प्रबंधक महोदय भी अपना मार्गदर्शन देते रहेगे।

### 10 साल बाद बूढ़े बालाजी मंदिर समिति का सर्वसम्मति से चुनाव, ओमप्रकाश अग्रवाल बंसल बने अध्यक्ष, किया गया सम्मान



**गुना।** बूढ़े बालाजी मंदिर परिसर में लगभग 10 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद समिति का चुनाव शांतिपूर्ण और सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। इस दौरान क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा और नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।चुनाव में सर्वसम्मति से ओमप्रकाश अग्रवाल बंसल को अध्यक्ष चुना गया। वहीं चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, डॉ. रमाकांत श्रीवास्तव और रामकृष्ण श्रीवास्तव बनाए गए। सह सचिव के रूप में सुबोध शर्मा तथा कोषाध्यक्ष के रूप में बालकृष्ण सोनी की नियुक्ति की गई।कार्यकारिणी में डॉ. अजय वर्मा, आर.के. सोनी, अशोक शर्मा, राजेश अग्रवाल (मारवाड़ी), डॉ. बी.एस. सिसोदिया और रमेश गुप्ता को शामिल किया गया है।चुनाव के बाद मंदिर में भगवान हनुमान जी को विधिवत प्रसाद अर्पित किया गया और उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसादी वितरित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए और नवगठित समिति को शुभकामनाएं दीं।

## पापा के दोस्त फिरोज चाचा ने किया रिश्तों का कत्ल

# पिता का दोस्त निकला भेड़िया, नहाते हुए वीडियो बनाकर नाबालिग को धमकाने वाला फिरोज खान सलाखों के पीछे

आरोपी का परिवार में आना-जाना था और इसी भरोसे का फायदा उठाकर वह नाबालिग को परेशान करता रहा। पीड़िता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि दिसंबर 2025 में एक यात्रा के दौरान आरोपी ने उसके साथ गलत हरकत की थी।



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के सिटी कोतवाली क्षेत्र की भार्गव कॉलोनी में एक नाबालिग के साथ लंबे समय से हो रही छेड़छाड़ और शोषण का मामला सामने आया है। पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर चाइल्ड हेल्पलाइन पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने देर रात कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान फिरोज सलीम खान के रूप में हुई है, जो पीड़िता के पिता का परिचित बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार आरोपी का परिवार में आना-जाना था और इसी भरोसे का फायदा उठाकर वह नाबालिग को परेशान करता रहा। पीड़िता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि दिसंबर 2025 में एक यात्रा के दौरान आरोपी ने उसके साथ गलत हरकत की थी। उस समय वह डर के कारण चुप रही, लेकिन इसके बाद आरोपी लगातार उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करता रहा।पीड़िता के अनुसार आरोपी ने नहाते समय उसका आपत्तिजनक वीडियो बना लिया था और उसी के आधार पर उसे डराकर मिलने के लिए मजबूर करता था। घर आने पर भी वह बुरी नजर रखता और गलत तरीके से छूने की कोशिश करता था। इस वजह से बच्ची लगातार डर और तनाव में जी रही थी। मामला तब सामने आया जब पीड़िता ने साहस दिखाते हुए चाइल्ड हेल्पलाइन पर कॉल किया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों बहनों को सुरक्षित कोतवाली लाया गया। यहां पीड़िता ने रोते हुए पूरी आपबीती बताई। इसके बाद पुलिस ने रात करीब 2 बजे आरोपी फिरोज सलीम खान को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मामले में विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी लंबे समय से बच्ची को धमकाकर शोषण कर रहा था। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और डिजिटल साक्ष्यों की भी जांच की जा रही है।

## आंगनबाड़ी भर्ती में गड़बड़ी पर बड़ी कार्रवाई,

# नाम बदलकर चयन कराने की कोशिश में क्लर्क को किया तत्काल प्रभाव से निलंबित

### एसीपीसीटी प्रमाण पत्र न देने पर भी बढ़ीं मुश्किलें



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला प्रशासन इन दिनों लापरवाह कर्मियों के प्रति सख्त रवैया अपना रहा है । पिछले दिनों लापरवाह विपणन अधिकारी के निलंबन के बाद अब आंगनवाड़ी भर्ती में गड़बड़ी करने वाले क्लर्क को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जिले में आंगनवाड़ी भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी सामने आने के बाद कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने सख्त रुख अपनाते हुए एकीकृत बाल विकास परियोजना राधौगढ़ में पदस्थ सहायक ग्रेड.3 विजय कुमार मेहरा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। भर्ती प्रक्रिया में नामों की हेराफेरी और सीपीसीटी प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने के मामले को गंभीर मानते हुए यह कार्रवाई की गई।

#### आंगनवाड़ी भर्ती में नस्ती से छेड़छाड़ का मामला

जारी आदेश के अनुसार, परियोजना राधौगढ़ के सेक्टर ग्रामीण.1 अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र नांदनेर तरी में सहायिका पद पर पूजा कुशवाह का अनंतिम चयन हुआ था। वहीं सेक्टर मधुसूदनगढ़ के आंगनवाड़ी केंद्र तिलक चौक वार्ड क्रमांक.4 में रानी सेन का चयन हुआ था।लेकिन सहायक ग्रेड.3 विजय कुमार मेहरा ने भर्ती नस्ती में हेरफेर करते हुए पूजा कुशवाह के स्थान पर पूनम कुशवाह तथा रानी सेन के स्थान पर रजनी सेन का नाम दर्ज कर अनुचित तरीके से अनुमोदन प्राप्त करने का प्रयास किया। जांच में यह गड़बड़ी सामने आने के बाद मामला कलेक्टर के संज्ञान में पहुंचा।

#### अनुकम्पा नियुक्ति की शर्तों का भी उल्लंघन

विजय कुमार मेहरा की नियुक्ति अनुकम्पा आधार पर दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि के साथ की गई थी। नियुक्ति आदेश में स्पष्ट रूप से उल्लेख था कि तीन वर्ष के भीतर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण कर उसका प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

विभाग द्वारा वर्ष 2019ए 2021 और 2025 में कई बार पत्र जारी कर अवसर भी दिया गयाए लेकिन अंतिम चेतावनी के बावजूद उन्होंने निर्धारित समय सीमा में सीपीसीटी स्कोर कार्ड प्रस्तुत नहीं किया। इससे विभागीय नियमों की अवहेलना स्पष्ट मानी गई।

#### कलेक्टर ने नियम.9 के तहत किया निलंबन

कलेक्टर कन्याल ने वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की लगातार अवहेलनाए पदीय कर्तव्यों में लापरवाही और भर्ती प्रक्रिया में गंभीर अनियमितता को सेवा नियमों का उल्लंघन मानते हुए मध्यप्रदेश सिविल सेवा ;वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपीलद्ध नियम 1966 के नियम.9 के तहत निलंबन आदेश जारी किया। निलंबन अवधि में विजय कुमार मेहरा का मुख्यालय महिला एवं बाल विकास विभागए जिला गुना निर्धारित किया गया है। साथ ही उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता भी प्रदान किया जाएगा।

#### भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता का संदेश

प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई को सरकारी भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बनाए रखने और लापरवाही पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है। इससे स्पष्ट संदेश गया है कि भर्ती प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की हेराफेरी या नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## गैंगरेपः तीन दरिंदों ने मासूम को जंगल में रौंदा, नहीं लिखी रिपोर्ट

मरणासन्न हालत में अस्पताल फेंककर हुए फरार, पीड़िता की हालत नाजुक



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मध्यप्रदेश के गुना जिले के बमोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनखरा गांव में एक नाबालिग किशोरी के साथ तीन दरिंदों ने सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इस दौरान जब किशोरी की हालत बिगड़ गई, तो उसे मरणासन्न स्थिति में शिवपुरी मेडिकल कॉलेज के बाहर लावारिस छोडक़र भाग निकले। जिसे गंभीर हालत में परिजन गुना के बमोरी थाने लेकर पहुंचे, लेकिन पुलिस ने जांच की बात कहकर लौटा दिया। इस खौफनाक घटना से आहत और लोक-लाज के डर से पीड़ित किशोरी ने घर लौटकर जहरीला पदार्थ गटक लिया। फिलहाल, वह जिला अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच झूल रही है, जहां उसकी हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है।

पूरी घटना का सिलसिला 25 अप्रैल को तब शुरू हुआ, जब पीड़िता की मां पास के ही एक गांव में तेरहवीं के कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। घर में किशोरी को अकेला पाकर गांव के ही रामू नामक युवक ने साजिश रची। दोपहर करीब 3 बजे रामू पीड़िता के पास पहुंचा और झूठ बोला कि उसकी मां ने उसे बुलाया है। मां के पास जाने के झांसे में आकर किशोरी उसकी मोटर साइकिल पर बैठ गई।

रास्ते में जब किशोरी ने रास्ता भटकने पर सवाल किए, तो आरोपी उसे डरा-धमकाकर जंगल की ओर ले गया। वहां पहले से ही रामू के दो अन्य दोस्त, विजय और अभिषेक मौजूद थे। इन तीनों दरिंदों ने नाबालिग के साथ बारी-बारी से सामूहिक दुष्कर्म किया।

वारदात के बाद जब किशोरी की स्थिति बिगडऩे लगी, तो आरोपी घबरा गए और उसे इलाज के बहाने शिवपुरी ले गए, जहां उसे मेडिकल कॉलेज के बाहर फेंककर फरार हो गए। इधर, घरवाले अपनी बेटी की तलाश में दर-दर भटक रहे थे। परिजनों ने जब शुरुआत में संदेही रामू से पूछताछ की, तो उसने साफ मुकर दिया कि वह लडक़ी के बारे में कुछ भी जानता है। हालांकि, बाद में रामू ने अपने एक रिश्तेदार को पूरी सच्चाई बता दी, जिसके माध्यम से परिजनों को पता चला कि उनकी बेटी शिवपुरी अस्पताल में है। परिजन उसे वापस घर लाए और फरियाद लेकर बमोरी थाने पहुंचे। लेकिन यहां जांच की बात कहकर पुलिस ने टरका दिया। इसी मानसिक आघात और शारीरिक पीड़ा से टूटी किशोरी ने आत्मघाती कदम उठाते हुए जहर खा लिया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए बमोरी पुलिस ने घटना के तीसरे दिन जीरो पर एफआईआर दर्ज की है। बमोरी थाना प्रभारी दिलीप राजौरिया के अनुसार, अस्पताल में भर्ती किशोरी के बयान महिला उपनिरीक्षक द्वारा दर्ज किए गए हैं। पीड़िता ने अपने बयानों में तीनों आरोपियों रामू, विजय और अभिषेक द्वारा किए गए कृत्य की पुष्टि की है।

किशोरी ने बताया कि आरोपी उसे परिचित होने का फायदा उठाकर बाइक पर शिवपुरी की तरफ ले गए थे, जहाँ रास्ते में कहीं सूनसान जगह पर इस वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस ने बताया कि देहाती नालिसी तैयार कर ली गई है। थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें रवाना कर दी गई हैं और जल्द ही उन्हें सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा। वहीं, दूसरी ओर जिला अस्पताल में किशोरी की हालत लगातार बिगड़ रही है।

## विशेष न्यायालय ने नशे के कारोबारी को सुनाई 4 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा, पांच हजार का अर्थदंड भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

विशेष न्यायालय (एनडीपीएस एक्ट) गुना ने मादक पदार्थ गांजा तस्करी के मामले में आरोपी प्रकाश चंद साहू को दोषी पाते हुए 4 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5000 अर्थदंड की सजा सुनाई है।अपर लोक अभियोजक राकेश व्यास ने बताया कि यह मामला 25 सितंबर 2020 का है, जब थाना मधुसूदनगढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि भडेर नदी पुल के पास दो व्यक्ति मादक पदार्थ के साथ मौजूद हैं।सूचना पर उप निरीक्षक जयवीर सिंह बघेल ने पुलिस बल व स्वतंत्र साक्षियों के साथ मौके पर पहुंचकर दोनों संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम प्रकाश चंद साहू और शांतिलाल साहू बताए।तलाशी के दौरान प्रकाश चंद साहू के पास से 3 किलो 500 ग्राम गांजा तथा शांतिलाल साहू के पास से 500 ग्राम गांजा बरामद किया गया। दोनों के पास से मिले मादक पदार्थ के नमूने अलग-अलग सील कर जब्त किए गए।पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 बी के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना के बाद न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया।विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष ने 12 साक्षियों के बयान दर्ज कराए और 51 दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने प्रकाश चंद साहू को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई, जबकि दूसरे आरोपी के संबंध में अलग से कार्यवाही की जानकारी दी गई।सरकार की ओर से इस मामले में पैरवी अपर लोक अभियोजक राकेश व्यास द्वारा की गई।

### भीषण गर्मी को लेकर प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

**गुना।** बढ़ती गर्मी और लू के खतरे को देखते हुए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों को दोपहर में धूप से बचने, पर्याप्त पानी पीने और हल्के कपड़े पहनने की सलाह दी गई है।बच्चों और बुजुर्गों को विशेष रूप से 12 से 4 बजे के बीच घर से बाहर न निकलने की अपील की गई है। लू के लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाने की सलाह दी गई है।

## ट्रक की टक्करः कचरा ट्रैक्टर व बाइक सवार घायल, अस्पताल में किए भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सकतपुर बायपास पर मंगलवार को एक सड़क हादसे में नगर पालिका के कचरा ट्रैक्टर और एक बाइक सवार को पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर चालक श्रवण वाल्मीकि निवासी सागरपुर और बाइक सवार हरिओम धाकड़ निवासी पचौरा घायल हो गए। घटना के बाद दोनों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार श्रवण वाल्मीकि नगर पालिका के नियमित कर्मचारी हैं और ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कचरा डालकर लौट रहे थे। इसी दौरान अप ढाबा के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी, जिसकी चपेट में बाइक सवार भी आ गया। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और डिप्टी कलेक्टर व सीएमओ मंजूषा खत्री जिला अस्पताल पहुंचीं, जहां घायलों का हाल जाना गया। डॉक्टरों ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर उनकी हालत स्थिर बताई है। सीएमओ मंजूषा खत्री ने बताया कि ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर चालक और बाइक सवार घायल हुए थे, जिन्हें तुरंत अस्पताल लाकर इलाज शुरू किया गया। फिलहाल दोनों की स्थिति ठीक बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



## जनसुनवाई में सुनी आमजनों की समस्याएं, अधिकारियों को निराकरण के दिए दिशा-निर्देश

# आवेदकों ने विभिन्न समस्याओं से संबंधित 230 आवेदन देकर सुनाई व्यथा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना





शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए।

विभिन्न आवेदकों ने जनसुनवाई में सीमांकन, बिजली, पेंशन, नगरपालिका, स्वास्थ्य और नामांतरण के आवेदन प्रस्तुत किये गये, जिनके निराकरण के निर्देश दिये गये।

आज इस दौरान लगभग 230 आवेदन नागरिकों द्वारा प्रस्तुत किये गये। जनसुनवाई में 6 क्षय (टीबी) मरीजों को पोषण सहायता के रूप में फूड बास्केट वितरित किए गए। यह पहल "निक्षय मित्र" अभियान के अंतर्गत की गई, जिसका उद्देश्य टीबी मरीजों को उपचार के दौरान पर्याप्त पोषण उपलब्ध कराना है।

इस दौरान मरीजों को दाल, सोयाबीन, दलिया, चने, मूंगफली और आटा जैसी प्रोटीन युक्त खाद्य सामग्री प्रदान की गई। विशेषज्ञों के अनुसार टीबी एक लंबी अवधि की बीमारी है, जिसमें मरीजों को कम से कम 6 माह तक नियमित दवा लेनी होती है। ऐसे में शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने के लिए संतुलित आहार बेहद जरूरी होता है।सरकार द्वारा भी टीबी मरीजों को उपचार अवधि के दौरान प्रतिमाह 1000 की पोषण सहायता दी जाती है।

इसके साथ ही "निक्षय मित्र" के माध्यम से जनभागीदारी बढ़ाकर मरीजों को संपूर्ण उपचार अवधि तक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी टीबी मरीज पोषण की कमी के कारण अपना इलाज अधूरा न छोड़े और समय पर पूर्ण रूप से स्वस्थ हो सके।

### एसपी ने जनसुनवाई में सुनीं आमजन की शिकायतें

**गुना।** मंगलवार को गुना पुलिस कंट्रोल रूम स्थित सभागार में गुना पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के संवेदनशील नेतृत्व में जनसुनवाई का आयोजन किया गया । इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आवेदकों द्वारा अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए । पुलिस अधीक्षक श्रीमती वासल ने प्रत्येक आवेदक की शिकायत को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित, निष्पक्ष एवं विधिसम्मत निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है । जनसुनवाई के दौरान डीएसपी मुख्यालय जमीलउद्दीन सिद्धकी, सीएसपी गुना प्रियंका मिश्रा, एसडीओपी राघौगढ़ दीपा डोडवे, एसडीओपी गुना विवेक अष्ठाना, एसडीओपी चांचौड़ा मनोज कुमार झा, थाना प्रभारी केंट निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, म्याना थाना प्रभारी निरीक्षक बृजमोहन सिंह भदौरिया, आरोन थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह सिकरवार, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक फिरदोस तवस्सुम सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे । जनसुनवाई के माध्यम से पुलिस एवं आमजन के बीच संवाद को और अधिक सुदृढ़ बनाने का प्रयास किया गया, जिससे नागरिकों में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना को और बल मिला । गुना पुलिस द्वारा इस प्रकार की जनसुनवाई का नियमित आयोजन कर आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर एवं प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं ।



## समाचार संक्षेप

### वरिष्ठ नागरिक परिसंघ की प्रदेश कार्यकारिणी की पहली बैठक भोपाल में संपन्न

**गुना।** वरिष्ठ नागरिक परिसंघ की प्रदेश कार्यकारिणी की प्रथम बैठक भारत माता चौराहा स्थित ठेंगड़ी भवन में आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ भारतीय मजदूर संघ के गीत के साथ किया गया।बैठक में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में रवि रमन उपस्थित रहे,



जबकि विशिष्ट अतिथि आशीष सेंगर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्र शेखर व्यास ने की। प्रदेश महामंत्री अशोक कुमार तिवारी ने कार्यकारिणी का परिचय कराया, वहीं राजपाल शर्मा ने संगठन की जानकारी दी।बैठक में गुना जिले से प्रदेश उपाध्यक्ष बृजेश कुमार श्रीवास्तव शामिल हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गुना जिले में सर्वाधिक आजीवन सदस्यता का उदाहरण देते हुए अन्य जिलों को भी इसका अनुसरण करने की सलाह दी।इस दौरान विभिन्न जिलों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में संगठन विस्तार पर जोर देते हुए बताया गया कि वर्तमान में 27 जिलों में कार्यकारिणी गठित हो चुकी है और शेष जिलों में भी जल्द विस्तार किया जाएगा। साथ ही हर माह बैठक आयोजित करने और नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य तय किया गया। अंत में आभार प्रदेश महामंत्री अशोक तिवारी द्वारा व्यक्त किया गया।

### कृषि आदान विक्रेता संघ ने समस्याओं को लेकर उठाई आवाज, समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

**चांचौड़ा।** कृषि आदान विक्रेता संघ बीनागंज, जिला गुना (म.प्र.) ने कृषि आदान व्यवसायियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर केंद्रीय कृषि मंत्रालय सहित संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र समाधान की मांग की है। संघ ने कहा कि लंबे समय से खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं को कई प्रशासनिक एवं तकनीकी




परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे व्यापारियों के साथ-साथ किसानों पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।ज्ञापन में संघ ने साठी (SATHI) पोर्टल को ग्रामीण खुदरा विक्रेताओं के लिए सरल एवं व्यवहारिक बनाने, HBTI बीज नीति में प्रभावी रोक लगाने, बीज एवं कीटनाशक की गुणवत्ता संबंधी जिम्मेदारी निर्माता कंपनियों पर तय करने, पुराने एक्सपायरी स्टॉक की वापसी को अनिवार्य करने तथा नए विधेयक 2025 में रिटेल डीलरों के हित में संशोधन की मांग उठाई है।संघ ने शिकायतों की निष्पक्ष जांच के लिए जिला स्तरीय समिति गठन, लाइसेंस नवीनीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने, छोटी-मोटी त्रुटियों पर अनावश्यक कार्रवाई रोकने तथा विभिन्न लाइसेंस प्रक्रियाओं में हो रही जटिलताओं को समाप्त करने की भी मांग की।कृषि आदान विक्रेता संघ ने स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांगों पर समय रहते सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो पूरे मध्यप्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। संघ पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि किसानों और व्यापारियों के हित में सरकार शीघ्र उचित कदम उठाएगी।

## अपर आयुक्त द्वारा नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक

# अपर आयुक्त ने नगरीय निकायों की समीक्षा की ऑनलाइन कार्य और कर वसूली पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले की नगर पालिकाओं की समीक्षा बैठक अपर आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग दिव्यांक सिंह द्वारा समीक्षा बैठक ली गई। नगर पालिका परिषद गुना के सभा कक्षा में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री,जिला परियोजना अधिकारी तेज सिंह यादव , आरोन सीएमओ दिनेश सोनी, मधुसूदनगढ़ सीएमओ वीरेन्द्र चक्रवर्ती द्वारा अपर आयुक्त का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया।
समीक्षा बैठक के दौरान अपर आयुक्त ने सभी सीएमओ को पोर्टल पर कार्य करने के निर्देश दिए एवं टेक्नोलॉजी को शीघ्र आत्मसात करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान दिव्यांक सिंह ने कहा कि आप जितनी जल्दी नई टेक्नोलॉजी को आत्मसात कर लेंगे उतनी ही जल्दी आप की निकाय प्रगति करेंगे और काम आसान होंगे। उन्होंने बताया कि भवन निर्माण अनुमति, कर वसूली, जलकर वसूली सभी ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज हैं, ई फाइलिंग का कार्य भी शीघ्र शुरू करें।
उन्होंने कहा आप लोगों के सुझाव एवं निकायों में आ रही समस्याओं को जानना था, इस कारण आपके साथ बैठक ली गई है। उन्होंने कहा की संपत्ति कर वसूली एवं जलकर वसूली में तेजी लाएं। जिस प्रकार से प्रत्येक व्यक्ति बिजली जरूरी है, पानी भी उतना ही महत्वपूर्ण हैअतः आप नागरिकों को मोटिवेट करें जलकर वसूली हेतु को समझाइश दें। स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर निकायों से वन-टू-वन चर्चा की गई एवं जिन निकायों में टीम आ गई उनमें भी स्वच्छता के मापदंड अनुसार सर्वे कराए जाने के निर्देश दिए एवं ग्रीष्मकाल को देखते हुए किसी भी निकाय में पेयजल समस्या न हो इसकी भी समीक्षा की गई। स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर अपर आयुक्त ने सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## पास्को और गिरफ्तारी नियमों पर न्यायाधीश प्राची पटेल ने दी जानकारी




हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

मध्यप्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुना के मार्गदर्शन में ग्राम रामनगर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का आयोजन अपर जिला न्यायाधीश राघौगढ़, प्राची पटेल के नेतृत्व में संपन्न हुआ।इस अवसर पर न्यायाधीश महोदया द्वारा पास्को एक्ट, बाल विवाह निषेध अधिनियम एवं गिरफ्तारी से संबंधित कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि कानून का मुख्य उद्देश्य पीड़ित को न्याय दिलाना तथा निर्दोष व्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।साथ ही उपस्थित नागरिकों को उनके अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के टोल फ्री नंबर के संबंध में जागरूक किया गया। उन्होंने संबंधित प्रावधानों को सरल एवं सहज भाषा में समझाया, जिससे आमजन को कानून की बेहतर जानकारी प्राप्त हो सके।कार्यक्रम के दौरान तहसील विधिक सेवा समिति से रानी शर्मा, चंद्रप्रकाश शर्मा, पैरालीगल वालंटियर महेश शर्मा एवं घनश्याम बीलरवान सहित ग्राम के सरपंच, सचिव एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## दिलीप सेन ने दूसरी बार जिलाध्यक्ष बनने पर सिंधिया से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता दिलीप सेन को पुनः ओबीसी मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद उन्होंने ग्वालियर पहुंचकर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से जय विलास पैलेस में शिष्टाचार मुलाकात की।
इस दौरान दिलीप सेन ने सिंधिया का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें अंगवस्त्र एवं पुष्प भेंट किए। साथ ही ग्वालियर राजघराने की पारंपरिक राजसी वेशभूषा में उनका एक आकर्षक चित्र भी भेंट किया, जिसे प्राप्त कर सिंधिया ने प्रसन्नता व्यक्त की। मुलाकात का माहौल आत्मीय रहा और विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर भी संक्षिप्त चर्चा हुई।
दिलीप सेन ने इस अवसर पर सिंधिया से आशीर्वाद प्राप्त कर भविष्य में भी मार्गदर्शन एवं सहयोग बनाए रखने का अनुरोध किया। इस मुलाकात में उनकी सुपुत्री डॉ. शिवानी भी साथ मौजूद रहीं। पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनकी पुनर्नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे संगठन के लिए सकारात्मक कदम बताया है।

### सभी विभागों को पंजीयन कराने के निर्देश

गुना। मध्यप्रदेश के समस्त शासकीय विभागों, मण्डलो, निगमों एवं अन्य संस्थाओं के संज्ञान में लाया गया है कि जो भी विभाग/संस्थाएं ठेकेदारों अथवा आउटसोर्स एजेंसियों के माध्यम से कार्य (विशेषतः निर्माण कार्य एवं अन्य सेवाएं) करवा रहे हैं, उन्हें संविदा श्रम (विनियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 की धारा 7 के अंतर्गत **Principal Employer** के रूप में पंजीयन कराना अनिवार्य है. साथ ही व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य-दशा संहिता, 2020 की धारा 47 से 50 के अंतर्गत ठेका श्रमिकों के नियोजन एवं पंजीयन से संबंधित प्रावधान भी लागू है। बिना पंजीयन के किसी भी प्रकार से ठेका श्रमिकों का नियोजन न किया जाए। इस हेतु समस्त संबंधित विभाग/संस्थाएं तत्काल पंजीयन की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित नियोक्ता के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने के प्रावधान है।

# श्रेष्ठ अकादमी गुना के 11 वर्ष पूर्ण होने पर निःशुल्क ब्लड जांच शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

श्रेष्ठ अकादमी गुना के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अकादमी द्वारा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए गुना पैथोलॉजी पर निःशुल्क ब्लड जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर 100 से अधिक विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें 60 से अधिक छात्राएं शामिल रहीं।शिविर में विद्यार्थियों




के ब्लड ग्रुप एवं CVC (Complete Blood Count) की जांच की गई, जिससे विद्यार्थियों को अपने स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दीपा शर्मा (महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी – CDPO) उपस्थित रहीं। साथ ही गुना पैथोलॉजी के संचालक राहुल धाकड़ भी विशेष रूप से मौजूद रहे और उन्होंने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की।इस अवसर पर श्रेष्ठ अकादमी के संचालक निशांत शर्मा एवं के.डी. किरार भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि अकादमी पिछले 11 वर्षों से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।"11 साल बेमिसाल" की इस उपलब्धि पर आयोजित यह स्वास्थ्य शिविर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ।

### फर्जी दस्तावेजों के जरिए परिजनों के नाम पर लोन निकालने का कथित आरोप

**अशोकनगर।** जिले में फर्जीवाड़े का एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें एक युवक ने पेन कार्ड बनाने के नाम पर फर्जी दस्तावेजों के जरिए लोन निकालने का आरोप लगाया है। कार्रवाई न होने से परेशान पीड़ति ने आज जनसुनवाई में कलेक्टर और एसपी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। ग्राम कुड़ई पछार, तहसील शाढ़ौरा निवासी मुकेश अहिरवार ने बताया कि वर्ष 2020 में बंजारिया चक्क निवासी कृष्णमुरारी कुशवाह ने धोखाधड़ी करते हुए उसके पिता कोमल के नाम पर 18 हजार रुपए, पत्नी गुड्डीबाई के नाम पर 20 हजार रुपए और नाबालिग बेटी मनीषा के नाम पर 20 हजार रुपए का लोन फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से निकलवा लिया। आरोप है कि पैन कार्ड बनवाने के बहाने यह पूरी कार्रवाई की गई। इस फर्जीवाड़े का खुलासा तब हुआ जब दिल्ली से लोन संबंधी कॉल आने लगे। इसके बाद जांच में सामने आया कि आरोपी कृष्णमुरारी ने ही पूरे मामले को अंजाम दिया है। मुकेश ने बताया कि उसने कुछ माह पहले थाना शाढ़ौरा में शिकायत भी दर्ज कराई थी, जहां आरोपी ने अपनी गलती स्वीकार कर 3-4 दिनों में राशि जमा करने का आश्वासन दिया था। हालांकि, अब तक न तो राशि जमा की गई और न ही आरोपी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई हुई। उल्टा, पीड़ति का आरोप है कि आरोपी अब गाली-गलौज कर रहा है और धमकियां दे रहा है। यहां तक कि लोन अधिकारियों के साथ भी अभद्रता की जा रही है। मुकेश ने यह भी आरोप लगाया कि थाने में बुलाकर उससे एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर करवा लिए गए, यह कहकर कि आरोपी को पकड़कर पैसे जमा करवा दिए जाएंगे, लेकिन बाद में न तो आरोपी पकड़ा गया और न ही राशि जमा कराई गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पीड़ति ने कलेक्टर-एसपी से निष्पक्ष जांच राशि दिलाने की मांग की है।

## एसडीएम ने आवेदनों का निराकरण कर योजना के तहत सहायता राशि की स्वीकृत



**अशोकनगर।** ईसागढ़ एसडीएम द्वारा जनसुनवाई में आवेदिकाओं के आवेदन का निराकरण कराकर संबल योजना अंतर्गत सहायता राशि स्वीकृत की।
आवेदिका सरोज केवट पत्नी बबलू केवट निवासी वार्ड क्रमांक 12 खिन्नी मोहल्ला ईसागढ़ एवं कमलाबाई पत्नी स्वर्गीय लल्लू केवट निवासी वार्ड क्रमांक 12 खिन्नी मोहल्ला ईसागढ़ उनके पति की मृत्यु हो जाने से संबल योजना अंतर्गत सहायता राशि के लिए अपीलीय आवेदन लेकर मंगलवार को जनसुनवाई में दोनों आवेदिकाएं एसडीएम ईसागढ़ त्रिलोचन गौड के समक्ष उपस्थित हुई एवं आवेदन को स्वीकृति हेतु निवेदन किया। एसडीएम ईसागढ़ द्वारा तत्काल मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद ईसागढ़ को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। एसडीएम ईसागढ़ द्वारा जनसुनवाई में ही त्वरित कार्यवाही कर उक्त प्रकरणों को स्वीकृत करते हुए 02-02 लाख रूपए की राशि के स्वीकृत पत्र प्रदान किये गये।

## 1 मई से प्रारम्भ होने वाले ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत से पहले पंजीयन प्रारंभ हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

संचालनालय खेल और युवा कल्याण म0प्र0 के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश के समस्त जिलों में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण (आरोह-2026) के अंतर्गत विभिन्न खेलों में बालक एवं बालिकाओं को प्रशिक्षण प्रदान कराया जायेगा। यह शिविर 1 मई से आयोजित किया जा रहा है जिसके पंजीयन की शुरूआत हो गई है। कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में



जिला अशोकनगर के संजय स्टेडियम, नवीन खेल स्टेडियम एवं शासकीय उत्कृष्ट विधालय पठार में क्रिकेट, हॉकी, बास्केटबॉल, कराते, टेबल-टेनिस, फुटबॉल, ताईक्वांडों आदि खेलों में 01 मई 2026 से 30 दिवसीय खेल प्रशिक्षण शिविर समय प्रातः 06 से 08 बजे तक आयोजित होंगे। प्रशिक्षण शिविर में 19 वर्ष तक की आयु के बालक एवं बालिकाऐं संचालनालय द्वारा उपलब्ध कराई गई। ऑनलाईन लिंक के द्वारा स्वयं अपना ऑनलाईन पंजीयन करके प्रशिक्षण शिविर में भाग ले सकेंगे। संचालनालय भोपाल द्वारा ऑनलाईन पंजीयन शुल्क रूपये 11 निर्धारित की गई है। प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले प्रत्येक खिलाडी को ऑनलाईन पंजीयन कराना अनिवार्य है तत्पश्चात ही खिलाडी प्रशिक्षण शिविर में सहभागिता कर सकेंगे। प्रशिक्षण शिविर से संबंधित और अधिक जानकारी हेतु कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग में संपर्क किया जा सकता है।

**कार्यालय नगर परिषद् चांचौड़ा-बीनागंज जिला गुना म.प्र.**

क्र. / न.प/26-27/845 — चांचौड़ा, दिनांक 24/04/2026

ई-टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना

ऑनलाइन प्रतिशत दर बोलियां निम्नलिखित कार्य के लिए रजिस्टर्ड ठेकेदार और पंजीकरण मानदंडों को पूरा करने वाली प्रतिष्ठित फर्मो से आमंत्रित की जाती है।

| S. No. | Tender No. | Name of Work | Probable amount of contract (In Lakh) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs.) | Cost of Bid Document (In Rs.) | Category of Contractor | Completion Period (months) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_502621_1 | वार्ड क्र 9 के विभिन्न स्थानों पर सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य | 12.33 | 9252 | 2000 | केन्द्रीयकृत | 3 माह वर्षाकाल सहित |
| 2. | 2026_UAD_502642_1 | वार्ड क्र. 15 के विभिन्न स्थानों पर सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य | 12.33 | 9248 | 2000 | केन्द्रीयकृत | 3 माह वर्षाकाल सहित |

(1) टेण्डर डाउनलोड दिनांक 24/04/2026 से वित्तीय दरें प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25.05.2026 तक (2) निविदा में किया गया कोई भी संशोधन https://mptenders.gov.in उक्त बेवसाइट पर किया जावेगा। पृथक से कोई भी प्रकाशन समाचार पत्रों में नहीं किया जावेगा। (3) कार्य से संबंधित विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। (4) ठेकेदार को 7 दिवस के भीतर अनुबंध कर 3 दिवस में कार्य प्रारंभ करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में ठेका निरस्त किया जाकर पुनः टेण्डर की कार्यवाही की जावेगी। (5) ठेकेदार को गुणवत्ता पूर्वक नहीं किये जाने पर भुगतान नहीं किया जावेगा। (6) सभी प्रकार के आवश्यक टेस्ट ठेकेदार को स्वयं के व्यय कराना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में भुगतान नहीं किया जावेगा।

**अध्यक्ष**
**नगर परिषद् चांचौड़ा-बीनागंज**
**जिला-गुना म.प्र.**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद् चांचौड़ा-बीनागंज**
**जिला-गुना म.प्र**

आज भव्य शुभारम्भ....

# अब खेतों में 'स्मार्ट' होंगे औजार; लोहे पर हथौड़ा नहीं, लेजर किरणें दिखाएंगी कमाल







हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

### हाईटेक खेती: अशोकनगर में पहली बार ऑटोमेटिक लेजर कटिंग और कंप्यूटर आधारित तकनीक से बनेंगे कृषि यंत्र, पंजाब के इंजीनियरों की टीम ने संभाला मोर्चा

अशोकनगर. खेती-किसानी के पारंपरिक औजारों का दौर अब बीत रहा है। जिले के किसान अब उन मशीनों से खेती करेंगे जो अंतरराष्ट्रीय स्तर की 'कंप्यूटराइज्ड एक्यूरेसी' के साथ तैयार की गई हैं। विदिशा रोड स्थित दशमेश इंजीनियरिंग वर्क्स ने तकनीक के क्षेत्र में बड़ा निवेश करते हुए 7 बीघा में फैले अपने नए प्लांट में ऐसी मशीनें स्थापित की हैं, जो अब तक केवल बड़े औद्योगिक शहरों या पंजाब के चुनिंदा हिस्सों में देखी जाती थीं।

इस कारखाने में मशीनों का निर्माण केवल लोहे को जोड़कर नहीं, बल्कि आधुनिक इंजीनियरिंग और डेटा के आधार पर किया जा रहा है. अब मशीनों को हाथों से नहीं ऑटोमेटिक लेजर मशीनों से काटा जाएगा. इसका सीधा फायदा यह है कि मशीन को फिनिशिंग अच्छी होगी और उपकरण भी मजबूत होगे। मशीनों के घूमने वाले पुर्जे और गियर्स को कंप्यूटराइज्ड लेथ मशीनों पर फिनिशिंग दी जा रही है, जिससे ट्रैक्टर पर लोड कम पड़ता है और ईंधन की बचत होती है।




### प्रोडक्ट रेंज: एक ही छत के नीचे सब कुछ

दशमेश इंजीनियरिंग वर्क्स में किसानों के लिए आधुनिक मॉडल की पूरी रेंज उपलब्ध होगी. जीरो ड्रिल, फसल सफाई का पंखा, रोटावेटर, मल्टीपर्पज ट्रॉलियां, चारा कुट्टी मशीन सहित अन्य उपकरण तैयार होंगे जो देखने में आकर्षक और किसानों के उत्पादन को बढ़ाने में उपयोगी साबित होंगे.

### आज होगा भव्य शुभारंभ

इस ऐतिहासिक उपलब्धि को संधू परिवार एक उत्सव के रूप में मना रहा है। बुधवार को पवांरगढ़ स्थित प्लांट पर सुबह 10 बजे धार्मिक परंपरा के अनुसार सहज पाठ का भोग पड़ेगा। इसके बाद सुबह 11 बजे से भव्य शुभारंभ होगा। रणजीत सिंह संधू कहते हैं, यह कारखाना मेरा नहीं, जिले के उन तमाम किसानों का है जिनके भरोसे ने मुझे यहाँ तक पहुँचाया है। अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम उन्हें ऐसी तकनीक दें जो उनकी मेहनत को सफल और उन्नत बनाए।

खबर संक्षेप

## दो बाईक आपस में टकराईं

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत चंदेरी-पिछोर रोड़ पर ग्राम गोधन के समीप दो बाईक आपस में टकरा गईं जिसमें एक बाईक चालक पहाड़ सिंह कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक एमपी67जेडई 8616 के चालक लल्लू आदिवासी ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरियादी के चाचा बृजभान कुशवाह की बाईक में टक्कर मार दी जिससे उन्हें चोटे आईं हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी चालक घायल

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अतर्गत लालबावड़ी चंदेरी निवासी रामनारायण सेन पुत्र महीप सेन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सिंघपुर घाटी के नीचे अज्ञात वाहन के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

## अज्ञात व्यक्ति के सिर में चोटे आने से मौत

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत मनकपुर गांव के समीप 33 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है, जिसके सिर में चोटों के निशान हैं। जिससे लगता है कि किसी वाहन की टक्कर से या अथवा किसी व्यक्ति ने उस पर हमला किया है जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

## पुलिस ने 3 वारंटियों को किया गिरफ्तार

**अशोकनगर।** सोमवार को सिटी कोतवाली थाने की पुलिस ने 03 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को वारण्टों की तामीली हेतु निर्देशित किया गया है। उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली द्वारा न्यायालय के आरटीसी क्रमांक 123/22, 659/22 एवं 493/22 में आरोपी पवन अहिरवार पुत्र मोबत सिंह उम्र 30 साल निवासी मगरदा बस्ती अशोकनगर, राहुल वंशकार पुत्र रघुवीर वंशकार उम्र 25 साल निवासी वार्ड न0 15 पठार अशोकनगर एवं शफीक पुत्र गफ्फार खान उम्र 28 साल निवासी आजाद मोहल्ला अशोकनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

## मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर मगरदा निवासी सुनीता बाई परिहार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जितेन्द्र आदिवासी और संजय बाल्मीक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दौलतपुर निवासी मोहन सिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अखिलेश लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मथाना निवासी शिवानी बाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी महाराज सिंह अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत झागर बमुरिया निवासी कैलाश सेन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सौरभ और शिवराज सेन ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## सड़क निर्माण की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**अशोकनगर।** खैजरा अटारी से कंचनपुर गांव तक पक्की सड़क निर्माण की मांग को लेकर मंगलवार को आदिवासी समाज के लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे और जनसुनवाई में आवेदन सौंपकर अपनी समस्या रखी। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से सड़क न होने के कारण उन्हें आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार कंचनपुर गांव के लिए सड़क निर्माण को स्वीकृति मिल चुकी है, लेकिन कुछ उन्होंने बताया कि स बारिश के मौसम में हालात और खराब हो जाते हैं।

### 15 लाख से अधिक नुकसान का आंकलन, ट्रैक्टर, पशुधन जिंदा भी जले

# यज्ञ में बैठा था परिवार, घर-गृहस्थी आग में जलकर हो गई खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के बहादुरपुर तहसील अंतर्गत ग्राम जसैया में मंगलवार दोपहर हुई एक आगजनी की घटना में तीन भाईयों की घर-गृहस्थी जलकर पूरी तरह से नष्ट हो गई। यह आग पास में रखे एक बिजली ट्रांसफार्मर से उठी चिंगारी से लगी। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक करीब पंद्रह लाख कीमती सामग्री जलकर खाक हो गई। राजस्व दल ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आंकलन किया है एवं मुआवजे का आष्वासन भी दिया है।

बताया गया है कि जसैया गांव की बस्ती से कुछ दूरी पर वीर सिंह, अषोक बाबू और भगवत सिंह नामक किसानों के मकान बने हुए हैं। मकानों के नजदीक ही एक बिजली ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। मंगलवार को यह तीनों अपनी पत्नियों के साथ पास में ही स्थित एक यज्ञ में वेदी पर बैठे हुए थे। तभी मौजूद लोगों को धुंआ उठता हुआ दिखाई दिया। आग की आषंका से सभी दौड़कर मकानों पर पहुंचे तो आग चारों ओर से फैली हुई थी। करीब दो दर्जन लोगों ने मोटरपंप चलाकर और बाल्टियों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। आग पर काबू पाने के लिए दमकल भी बुलाई गई लेकिन तब तक आग से एक ट्रैक्टर, एक पड़िया जिंदा जल गई वहीं एक भैंस और एक पड़िया बुरी तरह झुलस गई हैं। घर में रखे कपड़े, अनाज, बर्तन आदि भी जलकर नष्ट हो गए। इस आग में 350 से अधिक पाईप, भूसा, कंडे, लकड़ी का नुकसान भी किसान को हुआ है।





### मौके पर पहुंचा प्रशासन, नुकसान देखकर हुए भावुक

आग लगने की सूचना जसैया की सरपंच सुनीता यादव ने प्रषासन को दी। इसके बाद मौके पर तहसीलदार कैलाष मालवीय, थाना प्रभारी बहादुरपुर नीलम सिंह यादव, पशु चिकित्सक पहुंचे। हल्का पटवारी सुरेष बैरागी ने नुकसान का पंचनामा बनाया। आग से नष्ट हुए घर-गृहस्थी को देखकर तहसीलदार भी भावुक हो गए। उन्होंने जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने का आष्वासन पीड़ित परिवारों को दिया। सूचना मिलने पर कांग्रेस नेता यादवेन्द्र सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ितों को दिलासा दिया।

### बस्ती से दूर खेत में रहता है परिवार

गांव के शिक्षक नेता राजभान सिंह यादव ने बताया कि यह परिवार बस्ती से थोड़ी दूर नदी के किनारे रहता है। जहां इन किसानों के खेत भी हैं। इस क्षेत्र में नरवाई को पहले ही नष्ट कर दिया गया है। मंगलवार को लगी आग बिजली ट्रांसफार्मर से उठी चिंगारी की बदौलत रही। गनीमत रही कि परिवार के अधिकांष सदस्य यज्ञ में थे, अन्यथा जनहानि भी हो सकती थी।

### सहायता देंगे

चार आवासीय मकान एवं एक गैर आवासीय मकान प्रभावित हुआ है। एक ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरण भी जलकर नष्ट हो गए हैं। एक भैंस की बछिया जलकर मर गई, दो घायल हैं। शुरुआती तौर पर करीब दस-पंद्रह लाख का नुकसान समझ आया है। आरबीसी 6-4 के नियमों के तहत जल्द से जल्द आर्थिक सहायता दी जाएगी।

**कैलाष मालवीय,** तहसीलदार, बहादुरपुर।

## ग्राम सडूमरा में रात्रि जल चौपाल का आयोजन किया



**अशोकनगर।** ग्राम सडूमरा में जय मां करीला देवी जन शिक्षा सेवा समिति म्यापुर सेक्टर क्रमांक 05 एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सडूमरा एवं नगर विकास प्रस्फुटन समिति शाढौरा के संयुक्त तत्वाधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत रात्रि जल चैपाल का आयोजन किया गया। जिसमें जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान द्वारा जल के संरक्षण एवं महत्व को बताया तथा नशामुक्ति पर ग्रामीणों को जागरूक किया एवं ब्लॉक समन्वयक मनोज यादव जी द्वारा जल चैपाल के अंतर्गत जल के बचाव एवं वाटर हार्वेस्टिंग द्वारा वर्षा जल संरक्षण पर ग्रामीणों को अवगत कराया रात्रि जल चैपाल में जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान एवं ब्लॉक समन्वयक मनोज यादव परामर्शदाता गणेशराम अहिरवार एवं जय मां करीला देवी जन शिक्षा सेवा समिति म्यापुर सेक्टर क्रमांक 05 शाडोरा से सचिव विवेक रघुवंशी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सडूमरा के अध्यक्ष राजीव रघुवंशी, नगर विकास प्रस्फुटन समिति शाडोरा से उमेश रघुवंशीएवं ग्रामवासी उपस्थित हुए एवं सभी ने सडूमरा नदी पर श्रमदान किया एवं ग्राम के चैराहा पर पक्षियों के लिए सकोरे लगाए।

## पिपरई में जनगणना को लेकर स्व-गणना जागरण रैली निकाली गई

**पिपरई।** मंगलवार को जनगणना को लेकर पिपरई में स्व-गणना जागरण रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से नागरिकों को जनगणना के महत्व, सही जानकारी देने तथा स्वयं गणना प्रक्रिया में भागीदारी के प्रति जागरूक किया गया। रैली में बड़ी संख्या में युवाओं, समाजजनों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह स्व गणना जागरण रैली पिपरई नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई, जहां लोगों को जनगणना से जुड़े संदेश दिए। नगर परिषद पिपरई के सीएमओं ने कहा कि जनगणना देश के विकास, योजनाओं के निर्माण और संसाधनों के सही वितरण का आधार होती है।

स्वास्थ्य शिविर में 200 लोगों का हुआ परीक्षण

# रेड क्रॉस सोसाइटी व सेवा भारती द्वारा आयोजित शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



रेड क्रॉस सोसाइटी, सेवा भारती द्वारा स्थानीय रघुवंशी धर्मशाला बायपास रोड अशोक नगर पर मंगलवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा किया गया।

इस दौरान प्रदेश प्रतिनिधि डॉक्टर अनुराधा यादव रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉक्टर जयमंडल सिंह यादव, सचिव संजय रघुवंशी प्रदेश प्रतिनिधि डॉक्टर दीपक मिश्रा डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी डॉक्टर राजकुमार शर्मा सतीश पाराशर देवेंद्र अग्रवाल मनीष जैन, हरी सिंह रघुवंशी रंजीत यादव विजय जैन विपिन सिंघई अंकित छाबड़ा विकास रघुवंशी रंजीत यादव अभिजीत जैन डॉक्टर आनंद मोहन दुबे राजकुमार रघुवंशी रिजोदिया संतोष शर्मा सहित डॉक्टर्स एवं उपचार के लिए आए मरीज मौजूद थे। शिविर में एल. एन. मेडीकल कॉलेज एवं जे. के. हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान 200 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, 170 मरीजों को दवाएं दी गईं, साथ ही इको कार्डियो ग्राफी 60, ईसीजी 50 मरीजों की की गई। इसके अलावा 10 कैंसर,15 हड्डी, 25 लोगों की अन्य बीमारियों की दवाएं दी गईं। शिविर में ईसीजी ईथों एवं रक्त की पैथोलॉजी जांच निःशुल्क की गई। शिविर में कैंसर रोग,हृदय रोग, मेडिसिन रोग, सर्जरी रोग, हड्डी रोग स्त्री एवं प्रसूति रोग की जांच एवं उपचार किया गया। शिविर में उपलब्ध डॉ. विवेक त्रिपाठी (कार्डियक), डॉ. प्रिया कुशवाह (सर्जरी) डॉ सेहवाल सक्सैना (अर्थो), डॉ. नीरज (कैंसर) डॉ. अनन्या राय सिंह (सर्जरी) डॉ. पलाश सिंह (आर्थो) डॉ. अर्तिका (गायनिक) द्वारा परीक्षण एवं उपचार किया गया।

## विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया

**अशोकनगर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर में कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को स्वजनगणना हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उन्हें निर्देशित किया गया कि वह अपने माता-पिता के माध्यम से अपना सेल्फ एन्यूमरेशन पत्रक ऑनलाइन प्रक्रिया से भरना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश द्वारा विद्यार्थियों को फ्लो चार्ट के माध्यम से स्वजनगणना पत्रक ऑनलाईन भरने की ट्रेनिंग दी गई और आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। उन्हें इस राष्ट्रीय प्रक्रिया के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। अग्रणी महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा अन्य महाविद्यालयों को भी इस कार्य हेतु निर्देशित किया गया। लगभग 80 प्रतिशत महाविद्यालयीन स्टाफ द्वारा स्वजनगणना पत्रक ऑनलाईन भर कर इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में भागीदारी सुनिश्चित कर ली गयी है। 28 अप्रैल फोटो न.09 महाविद्यालय में विद्यार्थियों को स्वजनगणना हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया ।

# विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर बंदियों को अधिकारों से अवगत कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



प्रधान जिला न्यायाधीश,अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में एवं सचिव मनीष अनुरागी, न्यायाधीश प्रिया चैहान, न्यायाधीश समीक्षा जैन एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा की उपस्थिति में मंगलवार को जिला जेल अशोकनगर का निरीक्षण, बंदियों से व्यक्तिगत रूप से साक्षात्कार एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

निरीक्षण के दौरान निरूद्व बंदियों से उनके अधिवक्ताओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर बताया गया कि यदि किसी बंदी के पास अधिवक्ता नहीं है तो वह विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकता है। साथ ही बंदियों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई व बताया गया कि प्रत्येक बंदी को अपने अधिकार और कानूनी सलाह, विधिक सहायता के माध्यम से प्राप्त करने का अधिकार है। बंदियों को प्लीबार्गेनिंग योजना के संबंध में भी जानकारी दी गई। साथ ही बंदियों से उनके स्वास्थ्य, खान-पान एवं प्रकरणों की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली गई। बंदियों से अपील की गई कि जेल सुधार गृह है। यहां रहने के दौरान आत्ममंथन और चिंतन करने की जरूरत है। मन में हताशा एवं निराशा के भाव नहीं रखना चाहिए। जिससे यहां से निकलने के बाद वे समाज में अच्छे नागरिक होने का दायित्व निभा सकें। इसी क्रम में जिला जेल की पाठशाला, लाइब्रेरी, वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष एवं जेल परिसर आदि का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उक्त शिविर में जेल अधीक्षक ललित दीक्षित एवं जेल स्टाफ उपस्थित रहे।

## चिरौली प्रीमियर लीग का समापन चिरौली की टीम चैंपियन बनी

**शाढ़ौरा।** मंगलवार को शाढ़ौरा में प्रीमियर लीग का समापन हो गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक जजपाल सिंह मौजूद रहे। साथ में यतेन्द्र सिंह रघुवंशी सरपंच चिरौली चक और ग्रामीण अध्यक्ष सनत कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे।



पहला सेमीफाइनल चिरौली और मुडरा के बीच हुआ चिरौली विजयी रही। दूसरा सेमीफाइनल अजलेश्वर और बमनावर के बीच खेला गया जिसमें अजलेश्वर टीम विजयी रही। फाइनल मैच चिरौली और अजलेश्वर के बीच हुआ जिसमें चिरौली ने विजेता का खिताब जीता। कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार 31000 चिरौली टीम उप विजेता अजलेश्वर टीम को 15000 द्वितीय पुरस्कार टीम को एवं तृतीय पुरस्कार 11000 बमनावर टीम को प्रदान किया गया। बेस्ट बल्लेबाज अंकित रघुवंशी को पुरस्कार मिला और मैन ऑफ द सीरीज राजकुमार कुशवाहा सुबह से ही मैदान पर रोमांच बना रहा। फाइनल में चिरौली चक ने शानदार खेल दिखाते हुए ट्रॉफी अपने नाम की।

# जुजीत्सु खेल प्रतियोगिता में मुंगावली की टीम प्रथम और अशोकनगर की दूसरे स्थान पर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जिला स्तरीय सब जूनियर, जूनियर जुजीत्सु खेल प्रतियोगिता का आयोजन रोटरी क्लब अशोकनगर में किया गया, जिसमें अशोकनगर जिले की मुंगावली के जुजीत्सु खिलाडीयों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 12 स्वर्ण पदकों पर कब्ज़ा कर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अशोकनगर टीम ने 10 स्वर्ण पदक जीतकर प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

मुंगावली टीम ने शानदार प्रदर्शन सीनियर खिलाडी सोनम केवट के मार्गदर्शन में निकुंज तिवारी, नैंसी यादव, अवरीत कौर, अनुरीत कौर, अगमप्रीत कौर, नमनदीप सिंह, हरिओम यादव, देवांश सेन, आयुष्मान राजावत,ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं अशोकनगर टीम ने निखिल धुरेटे और आरती विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में शिवन्या चैरसिया, दिशार्थ धुरेटे, शिवार्थ धुरेटे, गोरांश चैरसिया, देवस्य गुप्ता, खुश अग्रवाल, तीर्थ जैन, गौरी त्रिवेदी, परी भट्ट, भावेश सेन, समर्थ शर्मा, अग्रज शर्मा, कुशाग्र, रूबी, हर्षिता, धुरव, उदयवीर, नैतिक, समग्या, कुशाग्र, प्रेरणा,सिद्धार्थ, हर्ष,आदि ने प्रतियोगिता में पदक जीते हैं।

## शाढ़ौरा तहसील पटवारी संघ ने कलमंबद हड़ताल कर तहसीलदार को बस्ता सौंपे



**शाढ़ौरा।** पिपरई तहसील के पटवारी साथ दुर्घटना में हुई मौत पर कार्यवाही की मांग के समर्थन में कलमबंद हड़ताल पर जाते हुए तहसीलदार को बस्ता सौंपे। मध्यप्रदेश पटवारी संघ जिला अशोकनगर के आव्हान पर सोमवार दोपहर 2 बजे शाढ़ौरा तहसील पटवारी संघ के अध्यक्ष रामरतन अहिरवार की अगुवाई में सभी पटवारियों ने कलम बंद अनिश्चित कालीन हड़ताल की धोषणा करते हुए अपने अपने बस्ते तहसीलदार आलोक श्रीवास्तव को सौंप दिए। पटवारियों की अनिश्चित कालीन कलम बंद हड़ताल से किसानों की मुसीबतें बढ़ेगी उल्लेखनीय है कि 19 अप्रैल रविवार को अवकाश के दिन पिपरई तहसीलदार ने पिपरई में धमकी देते हुए मीटिंग आयोजित की थी मीटिंग से वापिस लौटते वक्त एक पटवारी की मौत एंव दो पटवारी धायल हुए थे। जिला पटवारी संघ ने पिपरई तहसीलदार पर कार्यवाही की मांग की है। इसके सर्मथन में जिले भर के पटवारी कलम बंद अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए हैं शाढ़ौरा तहसील पटवारी संघ के अध्यक्ष रामरतन अहिरवार ने बताया है कि सभी 38 हल्कों के 38 पटवारी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं सभी लोगों ने सामूहिक रूप से बस्ता जमा किये है।

# जनसुनवाई में 226 आवेदकों की कलेक्टर ने सुनी समस्याएं और निराकरण के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा साप्ताहिक जनसुनवाई में मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। कलेक्टर ने एक-एक कर आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

प्रमुख रूप से पंचायत, राजस्व, विद्युत, पेयजल, सड़क, पेंशन से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े मामलों में लापरवाही न बरती जाए और प्रत्येक आवेदन का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई के दौरान कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जिससे आवेदकों ने संतोष व्यक्त किया। कलेक्टर ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है और इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### जनसुनवाई में वृद्धजनों को मौके पर प्रदान की स्टिक

जनसुनवाई में कलेक्टर को तीन वृद्धजनों द्वारा आवेदन देते हुए अपनी समस्याओं के निराकरण की गुहार लगाई। कलेक्टर द्वारा बुजूर्गो को चलने फिरने एवं सहारे के लिए सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से मौके पर ही स्टिक(छडी) उपलब्ध कराई गई। इस दौरान जनसुनवाई में फूल चंद अहिरवार निवासी स्टेशन मार्ग मुंगावली उम्र 101वर्ष,मोकम सिंह यादव ग्राम मूडरा बहादरा तथा लक्ष्मी नारायण सेन निवासी मुंगावली को स्टिक प्रदाय की गई। छड़ी पाकर बुजुर्ग द्वारा कलेक्टर को आशीर्वाद प्रदान कर खुशी खुशी अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए।

जनसुनवाई में वार्ड नंबर 1 अशोकनगर निवासी मनोज कुशवाहा द्वारा बीपीएल कार्ड बनवाए जाने, ग्राम रुहाना निवासी संग्रामपाल द्वारा विद्युत कनेक्शन करवाए जाने, ग्राम कनावदा निवासी गौरैया आदिवासी द्वारा राशन कार्ड बनवाए जाने, ग्राम मारूखेड़ी निवासी रमेश कुमार द्वारा सीमांकन करवाए जाने, ग्राम बायांगा निवासी शंभू यादव द्वारा सीमांकन करवाए जाने, ग्राम बिजोरी निवासी गोरा आदिवासी द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने, पिपरई निवासी राज राठौड़ द्वारा संबल कार्ड की आर्थिक सहायता दिलाए जाने, ग्राम मथनेर चक्क निवासी जानकी द्वारा बीपीएल कार्ड बनवाए जाने, ग्राम भोसले गांव निवासी राम श्री आदिवासी द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने, वार्ड नंबर 12 अशोक नगर निवासी राजकुमारी द्वारा आधार कार्ड में जन्म दिनांक सुधार कराये जाने संबंधी सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए।

# जागरूकता कार्यक्रम के तहत महिला संबंधी अपराधों के प्रति दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



मंगलवार को शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकनगर के कॉल सेंटर परिसर में महिला सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं विधिक जागरूकता विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर गजेंद्र सिंह कंवर ने उपस्थित महिलाओं एवं स्टाफ को महिला संबंधी विभिन्न कानूनी प्रावधानों, अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की।

महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों जैसे घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, छेड़छाड़, साइबर उत्पीड़न, बाल विवाह, लैंगिक शोषण एवं अन्य अपराधों की रोकथाम हेतु पुलिस विभाग द्वारा संचालित एकीकृत अभियान (अभिमन्यु, सृजन एवं सम्मान) की जानकारी देते हुए बताया कि इन अभियानों का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग में जागरूकता उत्पन्न करना, महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना तथा आवश्यकता पड़ने पर उन्हें त्वरित सहायता उपलब्ध कराना है। अभियान के अंतर्गत संचालित ऑपरेशन एहसास के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को संवेदनशीलता के साथ सहायता प्रदान करने, ऑपरेशन स्वयंसिद्धा के माध्यम से उन्हें आत्मविश्वासी एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा असली हीरो अभियान के अंतर्गत समाज में महिलाओं के सम्मान व सुरक्षा के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने के प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान पॉक्सो एक्ट के तहत बालकों एवं बालिकाओं के विरुद्ध यौन अपराधों से संबंधित कठोर प्रावधानों, जुवेनाइल जस्टिस एक्ट के अंतर्गत बाल संरक्षण से जुड़े कानूनों, दहेज प्रतिषेध अधिनियम के माध्यम से दहेज प्रथा के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत बाल विवाह को अपराध मानने वाले प्रावधानों तथा सायबर अपराधों जैसे सोशल मीडिया धोखाधड़ी, ऑनलाइन उत्पीड़न, फर्जी प्रोफाइल, साइबर ब्लैकमेलिंग एवं डिजिटल सुरक्षा से संबंधित आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही महिला हेल्पलाइन, पुलिस सहायता, आपातकालीन सेवाओं एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया की जानकारी देकर उन्हें किसी भी प्रकार की घटना होने पर तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास हादसा, बरखेड़ा मामेरा लेकर जा रहा था यादव परिवार

# पचोर में ट्रक-पिकअप की भिड़ंत, 2 महिलाओं की मौत, 21 लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा/पचोर

राजगढ़ जिले के खुजनेर क्षेत्र से ममेरे में शामिल होने जा रहे एक ही परिवार के लोगों की पिकअप वाहन सोमवार रात पचोर के पास सड़क हादसे का शिकार हो गई। पचोर से पहले पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप एक अनियंत्रित ट्रक ने पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 21 लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, यादव परिवार के सदस्य खुजनेर के समीप मवासा गांव से ब्यावरा के बरखेड़ा गांव ममेरे में शामिल होने जा रहे थे। रात करीब 9:30 बजे पचोर पहुंचने से पहले यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप में सवार करीब 20 लोग और ट्रक चालक घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पचोर पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तथा सभी घायलों को तत्काल पचोर सिविल अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद 16 गंभीर घायलों को जिला अस्पताल



शाजापुर रेफर किया गया, जबकि पिकअप चालक देवीसिंह यादव को सीने और पैर में फ्रैक्चर होने पर भोपाल भेजा गया है।

### इलाज के दौरान दो महिलाओं की मौत

जिला अस्पताल शाजापुर में उपचार के दौरान भगवती बाई पति चंद्र सिंह और अवंती बाई पति गोपाल निवासी मवासा, जिला राजगढ़ की मृत्यु हो गई। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पचोर सिविल अस्पताल में डॉ. विजया गौतम, डॉ. इंसाफ अंसारी, डॉ. मनीष यादव, डॉ. राहुल सिसोदिया, डॉ. हरीश



विश्वकर्मा सहित चिकित्सा स्टाफ ने घायलों का तत्काल प्राथमिक उपचार शुरू किया। घटना की जानकारी मिलते ही सांसद रोड़मल नागर, एसडीएम रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद सिंह, तहसीलदार व थाना प्रभारी अस्पताल पहुंचे और घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की। हादसे के बाद ट्रक चालक को पुलिस अभिरक्षा में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### पिकअप सवार हुए घायल

घायलों में कलाबाई पति होकमसिंह, लक्ष्मीनारायण यादव, होकमसिंह पिता गंगाराम, राजेश पिता मांगीलाल, कलाबाई पति देवनारायण, रामरतन पिता गोपाल (जिन्हें सीने में चोट लगी), कलाबाई पति गोपाल यादव, प्रेमसिंह यादव, नानकराम पिता नाथूलाल, भगवती पति प्रेमसिंह, देवसिंह पिता भावसिंह, सुरेश पिता मांगीलाल, कोमलबाई पति प्रभुलाल, अवंताबाई पति गोपाल, राधा पति नवीन यादव, योगेश पिता हेमराज यादव, मंजू पति अजयसिंह, पवन पिता प्रेमसिंह, भगवत पिता चंदरसिंह, धीरपसिंह पिता भंवरलाल, सोरमबाई पति गोपाल, प्रेमनारायण पिता रतनलाल और संजूबाई पति दिनेश यादव शामिल हैं।

# ट्रेन में हुई चोरी लेकिन जीआरपी ने राजगढ़ थाने भिजवा दी केस डायरी

### बीना-नागदा ट्रेन में महिला के बैग से हुए 80 लाख के जेवरात चोरी का मामला

### फरियादी महिला बोली जीआरपी एडीजी से करूंगी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



विगत दिनों बीना-नागदा (चगड़ा) ट्रेन से राजगढ़ आ रही महिला के बैग से करीब 80 लाख के आभूषण चोरी हुए थे। इस मामले में चोरों की तलाश करने के बजाय जीआरपी पुलिस की लापरवाही भी सामने आ रही है। दरअसल, फरियादी महिला के अनुसार यह चोरी चलती ट्रेन में मक्सी से शाजापुर के बीच हुई थी लेकिन जीआरपी ब्यावरा ने इस मामले में जीरो पर कायमी कर आगे की विवेचना के लिए केस राजगढ़ कोतवाली पुलिस को भेजा है। दूसरे शब्दों में कहें तो इतनी बड़ी चोरी के इस मामले में सूक्ष्मता से विवेचना करने के बजाय नियमों का हवाला देकर केस को एक थाने से दूसरे थाने में भेजा जा रहा है। या यूं कहें कि जीआरपी ब्यावरा पुलिस जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने में लगी हुई है।

### सीसीटीवी से हो सकती है बदमाशों की पहचान

महिला के अनुसार उज्जैन ट्रेन में बैठने के बाद मक्सी से दो युवक उनकी जनरल बोगी में चढ़े थे। उन्होंने ही संभवतः मक्सी से शाजापुर के बीच बैग काटकर इस चोरी को अंजाम दिया है। ऐसे में महिला के बयानों को गंभीरता से लेते हुए अगर ब्यावरा जीआरपी मक्सी और शाजापुर रेलवे स्टेशनों के सीसीटीवी खंगालने का प्रयास करे तो चोरों के बारे में मालूमात हो सकती है।

### ऐसे हुई थी यह चोरी




फरियादी राजकुमारी पत्नी हुकम सुल्तानिया निवासी नालियाखाल उज्जैन अपनी बहन और बच्चों के साथ रविवार को बीना-नागदा ट्रेन से उज्जैन से ब्यावरा आने के लिए सवार हुई थीं। फरियादी महिला के अनुसार मक्सी से दो युवक उनकी जनरल बोगी में चढ़े थे। उन्होंने ही संभवतः मक्सी से शाजापुर के बीच बैग काटकर इस चोरी को अंजाम दिया है। फरियादी के अनुसार पुलिस गहराई से विवेचना कर मक्सी, शाजापुर स्टेशनों के सीसीटीवी खंगाले तो इन चोरों का पता लग सकता है।

### तो वरिष्ठ कार्यालयों में होगी शिकायत

उधर, फरियादी महिला का कहना है कि अगर जीआरपी ने इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं की तो वे जीआरपी के उच्चाधिकारियों से पूरे मामले की शिकायत करेंगी। चोरों के बारे में मालूमात करने की बजाय केस को एक थाने से दूसरे थाने में भिजवाया जा रहा है।

### इनका कहना है...

जीआरपी के नियमानुसार जिस स्थान पर चोरी होने की बात मालूम होती है उसे ही घटनास्थल माना जाता है। फरियादी महिला के राजगढ़ स्थित घर में काफी समय तक बैग रखा रहा। वहीं, उन्हें चोरी की बात मालूम हुई इसलिए हमने केस जीरो पर कायम कर राजगढ़ कोतवाली भेजा है।

गोपाल कनासियॉ, थाना प्रभारी, जीआरपी, ब्यावरा

**लीमा चौहान थाना पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

# बाल-विवाह कराने वाले माता-पिता और युवक पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

अपनी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री का जबरन विवाह कराने के मामले में लीमाचौहान थाना पुलिस ने संबंधित किशोरी के कथनों व दस्तावेजों के आधार पर उसकी मां, पिता और जिससे शादी करवाई गई उस युवक पर मामला दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि बाल-विवाह मामलों पर इस बार प्रशासन बेहद सख्त नजर आ रहा है। अब तक पांच मामलों में दोषियों पर बाल-विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं।



### क्या था पूरा मामला

16 साल की नाबालिग किशोरी ने किसी तरह थाने पहुंचकर कथन करवाए कि उसके पिता और माता ने 17 अप्रैल को चोरी छिपे उसकी शादी हराना गांव निवासी विक्रम मालवीय से कर दी। किशोरी की मर्जी के खिलाफ जबरदस्ती यह शादी करवाई गई। लीमाचौहान थाना पुलिस ने किशोरी के कथनों एवं आयु संबंधी दस्तावेजों के आधार पर माता, पिता और युवक पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 9, 10, 11 के तहत मुकदमा पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# किसानों ने रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

गेहूं खरीदी में व्याप्त अव्यवस्थाओं, भेदभाव और किसानों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ मंगलवार को नरसिंहगढ़ में जिला कांग्रेस कमेटी राजगढ़ के जिला सचिव एवं किसान नेता ज्ञान सिंह मीना के नेतृत्व में किसान न्याय यात्रा एवं ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में क्षेत्र के सैकड़ों किसान अपने-अपने ट्रैक्टरों के साथ बड़ी संख्या में शामिल हुए और एकजुटता का परिचय दिया। यह रैली भंडारी वेयरहाउस से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई एसडीएम कार्यालय, नरसिंहगढ़ पहुंची। किसानों ने रैली के माध्यम से गेहूं खरीदी केंद्रों पर हो रही अनियमितताओं, पंजीयन की समस्याओं, सर्वर डाउन जैसी परेशानियों और प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ प्रदर्शन किया। रैली के बाद किसानों ने एसडीएम कार्यालय का घेराव करते हुए राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें प्रमुख रूप से गेहूं खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुचारु बनाने, किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने तथा खरीदी केंद्रों पर व्याप्त भ्रष्टाचार और अव्यवस्थाओं पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई।

# आबकारी और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, 20 लाख से अधिक का महुआ लहान व शराब जब्त



सारंगपुर। जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण और परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमवार रात्रि में प्रशासन ने बड़ी सफलता हासिल की है। कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा और पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशों पर आबकारी और पुलिस विभाग ने संयुक्त दबिश देकर अवैध शराब माफियाओं पर नकेल कसी। जिला आबकारी अधिकारी रितेश कुमार लाल और एसडीओपी प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम ने ब्यावरा वृत्त के कटारियाखेड़ी क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की। इस कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 के तहत 10 आपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए हैं। कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में अवैध मदिरा और कच्चा माल बरामद किया गया, जिसमें महुआ लहान 20,000 किलोग्राम मौके पर नष्ट किया गया। जबकि हाथ भट्टी मदिरा 120 लीटर, देशी मदिरा 63 लीटर कुल अनुमानित मूल्य लगभग 20,53,000 रुपये आंकी गई।

